Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a dispensary each in Narnaul, Charkhi Dadri and Bhiwani in Haryana for armed forces personnel-Laid.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): मेरा संसदीय क्षेत्र सैन्य बहुल है । महेंद्रगढ जिले की बात करूँ तो लगभग प्रति तीसरे चौथे घर से एक सैनिक है जो दिन रात देश सेवा में लगे है । भिवानी व चरखी दादरी जिले में भी सैनिक बहुत है। जब भी सैनिकों के साथ कोई दुर्घटना होती है व देश के लिए शहीद होते हैं तो मेरे संसदीय क्षेत्र का जवान उन शहीदो में जरुर मिलता है। संख्या का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते है । अकेले नारनौल व उसके आसपास की बात करें तो सेवारत एवं सेवानिवृत जवान लगभग 15 हज़ार है। लेकिन इन जवानों व इनके परिजनों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कोई डिस्पेंसरी / वैलनस सैंटर नही है । इसलिए मेरा निवेदन है कि नारनौल – चरखीदादरी – भिवानी में एक – एक डिसपैंसरी खुलवाई लाए ताकि सेना व पैरामिलिट्री फोर्स के जवान स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर – दूर तक न भटकें ।